## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, 1 की थमीं सांसे, 2 लड़ रहे जिंदगी और मौत की जंग

**बालोद (आरएनएस)।** शिवरात्रि में मूर्ति स्थापना के लिए मूर्ति लेने जा रहे लोगों की कार की पेड़ से टकरा गई है. घटना के वक्त कार में तीन लोग थे सवार. जहां एक की मौके पर मौत गई. दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं. एक गंभीर घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। मूर्ति स्थापना करने मूर्ति लाने दल्ली राजहरा से ग्राम किल्लेकोड़ा जाने के दौरान बड़ा हादसा हुआ है. हादसे में सोनू उर्फ (हितेंद्र) की मौके पर मौत हो गई. देवेंद्र और विक्रम नामक युवक घायल हैं।

### 20 फीट गहरी खाई में गिरी पिकअप, 15 घायल 6 गंभीर

**कवर्धा (आरएनएस)।** लोहारा थाना क्षेत्र में बीती रात घानीखूंटा घाट पर 20 फीट खाई में पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में पिकअप में सवार 15 लोग घायल हुए हैं. वहीं 6 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है. सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, पिकअप में 25 लोग सवार थे. जोशी परिवार रेंगाखार के पास ग्राम मुड़हीपार गांव आयुर्वेदिक उपचार कराने गए थे. यहां से लौटने के दौरान पिकअप घानीखूंटा घाट में 20 फीट खाई में जा गिरी. इस हादसे में दो महिला समेत 15 लोगों को चोट आई है. वहीं 6 लोगों की हालत नाजुक है. सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.वही गंभीर रूप से घायल में दो महिलाएं शामिल है घायलों में तुलसी जोशी 50 वर्ष,पुरुषोत्तम 48 उम्र, उभरन 52 वर्ष,महिला में गौतम जोशी 30,दिलकुमारी जोशी उम्र 30 बताया जा रहा है। वही सहसपुर लोहारा थांना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पीड़ित परिवार बेमेतरा जिले के नवागढ़ का रहने वाला है।

### छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के कुआकोंडा ब्लाक के बुरगुम बालक आश्रम के छात्र के कक्षा आठवीं के छात्र मनोज कडती निवासी ग्राम कडमपाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या करने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। छात्र मनोज कडती बुरगुम आवासीय विद्यालय में रह कर पढ़ाई करता था। छात्र के आत्महत्या के बाद आश्रम अधीक्षक कैसी नाग ने पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद कुआकोंडा पुलिस बंद कमरे से शव का पंचनामा कर आगे के कार्यवाही की जा रही है। मृतक छात्र के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक छात्र सुबह आश्रम से बाहर स्कूल भी गया था। पर दोपहर के बाद मनोज स्कूल नहीं गया और देर शाम जब स्कूल की पूरी छुट्टी में गणना हुई तो एक छात्र लापता था। जिसके बाद आश्रम शाला के अंदर जाकर देखा गया तो, पता चला कि स्कूल यूनिफार्म में मनोज कड़ती ने अपने ही शयनकक्ष में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

### बाइक की डिक्की से हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर (आरएनएस)।** रामनगर स्थित डीजे मोबाइल दुकान के पास खड़ी बाइक की डिक्की से अज्ञात चोर ने 13 नग फिंगरप्रिंट मशीन और ओटीजी केबल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोकुल नगर रामनगर निवासी प्रार्थी योगेश कुमार साहू 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक को डीजे मोबाइल दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने बाइक की डिक्की में रखे 13 नग फिंगरप्रिंट मशीन और ओटीजी केबल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# लैलूंगा में हुआ किसान सम्मेलन का आयोजन

- गांव-गांव तक पहुंच रही छत्तीसगढ़ शासन की योजनाएं-विधायक चक्रधर सिंह सिदार
- सभी ग्रामीण शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं
- जैविक जवाफूल चावल से अन्य राज्यों में मिली लैलूंगा को पहचान-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा
- कलेक्टर सिन्हा ने गौठान में विभिन्न गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए महिला समूहों की तारीफ



**रायगढ़।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कल कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लैलूंगा प्रांगण में जिला स्तरीय जैविक किसान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा शामिल हुए।

किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही है। गांवों में स्थानीय जरूरत व उपलब्ध संसाधनों के आधार पर लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराये जा रहे है। शासन की नीतियां ग्रामीण विकास को सुदृढ़ कर रही है। कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी को प्रोत्साहित करने शासन विशेष रूप से कार्य कर रही है। सभी ग्रामीण शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि 2500 रुपये क्ंविटल धान खरीदने का जो वायदा मुख्यमंत्री बघेल ने किया था, उसे वह पूरा किया और छत्तीसगढ़ ही इकलौता राज्य है जो सबसे ज्यादा धान की कीमत दे रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से धान के साथ अन्य दूसरी फसलों की खेती के लिए आदान सहायता राशि दी जा रही है। जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम मिल रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुपोषण की दिशा में भी लगातार कार्य किए जा रहे है। हमारी सरकार महिलाओं के लिए कृत संकल्पित है। जिससे आज वह गौठान के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रही है और आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के किसान प्रगतिशील है। जो शासन की योजनाओं का लाभ स्वयं से प्रेरित होकर ले रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में कई योजनाएं संचालित कर रही है, जिससे वे समृद्ध हो सके। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को धान के बदले अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि प्रदान कर रही है। गोठानों के माध्यम से महिला समूहों को विभिन्न गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। जो यहां प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिला, यहां कि महिला समूह गौठानों के माध्यम आयमूलक गतिविधियों से जुड़ी हुई है और बेहतर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ में किसान गोबर बेचकर फायदा उठा रहे है। गोबर से बने वर्मी खाद से जमीन पुन:उपजाऊ हो रहा है। शहर से लेकर ब्लॉक स्तर तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुल रहे है, वहीं धन्वंतरि मेडिकल स्टोर से लोगों को सस्ती दवाई उपलब्ध हो रही है। उन्होंने लैलूंगा के जवाफूल चावल उत्पादन के लिए वहां के किसानों को बधाई दी और कहा कि यहां के जवाफूल चावल अन्य राज्यों तक प्रसिद्ध है। इस मौके पर लैलूंगा के 112 वनवासियों को एफआरए पट्टा वितरण किया गया। इस दौरान सीईओ अबिनाश मिश्रा ने भी किसानों को संबोधित किया।

किसान सम्मेलन के अवसर पर ठंडाराम बेहरा, ओमसागर पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण पैंकरा, जनपद उपाध्यक्ष लखन सारथी, कृषि सभापति दशमती पैकरा, बीडीसी रीना भोय, बीडीसी रायमति चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू मित्तल एवं जनपद सीईओ वीरेन्द्र राय सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**स्टॉल लगाकर किसानों को दी गई उन्नत कृषि की जानकारी-** जिला स्तरीय जैविक किसान मेला में किसानों को उन्नत किस्म के कृषि, उद्यानिकी बीज एवं फसलों की जानकारी देने के लिए कृषि विभाग, उद्यानिकी द्वारा स्टॉल लगाया गया था।

## विभिन्न गांवों में जनसंपर्क में पहुंचे मंत्री पटेल, विकास कार्यों का किया लोकार्पण

- प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कर रहे कार्य-उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल

**रायगढ़।** उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल आज रायगढ़ विकासखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के लिए पहुंचे। उन्होंने रायगढ़ ब्लॉक के सांगीतराई, केनापाली, ठाकुरपाली और औराभांठा गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों का लोकार्पण करने के साथ ही नए कार्यों की घोषणा भी की।

उच्च शिक्षामंत्री ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गांवों के विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ ही प्रदेश के पारंपरिक तीज त्यौहारों और खानपान को बढ़ावा देकर समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य कर रही है। आने वाली पीढ़ियों को लोक पर्वों से जोड़ने त्योहारों पर अवकाश घोषित करने और पूरे रीति रिवाजों के साथ मनाने की शुरुआत की है। पिछले 4 वर्षों के दौरान ऐसी योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की गई जिसका सभी वर्गों को लाभ मिला। गांव में गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं को विभिन्न योजनाओं से जोड़ कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया है। शासन में आते ही वृहत कर्जमाफी का कार्य किया। आज कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में किसानों को उनकी फसलों की उचित कीमतें मिल रही है। समर्थन मूल्य के साथ आदान सहायता बोनस से अब धान के लिए किसानों को 2640 रुपए प्रति क्विंटल मिल रहा है। यह पूरे देश में सर्वाधिक है। धान के साथ दूसरी फसलों के लिए भी इनपुट सब्सिडी बोनस मिल रहा है। यह पिछले चार वर्षों से लगातार जारी है। एक ओर जहां किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए योजनाएं चल रही हैं वहीं भूमिहीन श्रमिकों को सालाना 7 हजार रुपए की सहयोग राशि दी जा रही है। बच्चों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नींव मजबूत करने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोले गए हैं। जहां बच्चे सरकारी स्कूल की फीस में अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई कर रहे हैं। जिला और ब्लॉक में इन स्कूलों को खोलने के साथ आगे विस्तार कर स्कूलों की संख्या बढ़ाई जा रही है। जिससे स्थानीय प्रतिभाएं प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। अधिकारियों-कर्मचारियों की मांग पर पुरानी पेंशन स्कीम की फिर से प्रदेश में शुरुआत की गई है। युवाओं में नेतृत्व कौशल विकसित करने राजीव युवा मितान क्लब खोले गए हैं जिसके माध्यम से उन्हें रचनात्मक गतिविधियों में जोड़ा जा रहा है। समर्थन मूल्य में खरीदी होने वाले वनोपजों की संख्या बढ़ाकर संग्राहकों को आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है।

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने इस दौरान ग्राम ठाकुरपाली में 15 लाख रुपए की लागत से बने प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम औराभांठा में सीसी रोड, नाली, पचरी निर्माण, पानी टंकी, बोर खनन एवं मुक्ति धाम निर्माण का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम सांगीतराई में सांस्कृतिक भवन निर्माण की घोषणा की।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने कहा कि जनसंपर्क के माध्यम से लोगों से सीधे संवाद होता है और उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को जानने का मौका मिलता है।

## 21 को आयोजित होगा प्लेसमेंट कैम्प

**रायपुर (आरएनएस)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 21 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में सबेरे 11बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित है। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से व्हाइटलियो इण्डस्ट्रिज प्रालि, सी0आर0 केपिटल, स्पेक्ट्रम डिजिटल प्रिन्टस, सुमित बाजार और डॉ0 श्रीकांत वर्मा ऑनलाइन क्लासेस रायपुर द्वारा अकाउंटेंट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बैक ऑफिस, क्वालिटी मैनेजर, लिगल असिस्टेंट, फाइनेंस एक्सीक्यूटिव्हस, एच0आर0 मैनेजर, सिक्यूरिटी गार्ड, ड्राइवर, हेल्पर, फिल्ड एक्सीक्यूटिव, रेकी एक्सीक्यूटिव, टेली मार्केटिंग आफिस वर्कर, ऑफिस ब्वाय, टीम लिडर, सेल्स एक्सीक्यूटिव, ग्राफिक डिजाइनर इत्यादि कुल 100 से अधिक पदों पर 5वीं से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण योग्य/अनुभवी आवेदकों की भर्ती 7 हजार से 50 हजार रुपए प्रतिमाह की दर पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए आवेदक अपने साथ शैक्षणिक/ तकनीकी योग्यता/अनुभव प्रमाण-पत्र, बॉयोडाटा एवं एन.सी.एस. पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन उपरांत उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

## मम्मी का गुम मोबाइल मिलने पर हाथों से बना ग्रीटिंग कार्ड भेंट कर बच्चे ने कहा “थैंक यू पुलिस अंकल”



**रायगढ़।** जब पुलिस कंट्रोल रूम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने साइबर सेल टीम के द्वारा रिकवर किये 215 मोबाइलों का वितरण किया जा रहा था। उस दौरान गुम मोबाइल पाने वालों के चेहरों पर अलग ही खुशी देखने को मिल रही थी। इसी दरम्यान तमनार सावित्रीनगर में रहने वाले आनंद मिश्रा के 12 साल के बेटे अर्जुन ने अपने हाथों से ग्रीटिंग बना कर सायबर सेल में एसआई कमल किशोर पटेल और उनकी टीम को भेंट किया और अपने मम्मी-पापा और अपनी ओर से गुम मोबाइल ढूंढकर वापस दिये जाने पर “थैंक यू” बोला। अर्जुन के पिता और मां भी उसके साथ कंट्रोल रूम, सायबर सेल आये हुए थे। अर्जुन के पिता आनदं मिश्रा बताये कि जून 2021 में मोबाइल गुम हुआ था, उस मोबाइल का उपयोग उनकी पत्नी करती थी, उनके मोबाइल पर काफी सारे जरूरी डाक्यूमेंट थे। जब सायबर सेल की टीम उन्हें कॉल कर बताया गया कि उनका गुमा हुआ मोबाइल मिल गया है और उसे लेने 17 फरवरी को कंट्रोल रूम आना है। जब अर्जुन के दिमाग में पुलिसवालों को ग्रीटिंग के जरिए थैंक यू बोलने का आइडिया आया, जो अपने हाथ से ग्रीटिंग बनाया है। अर्जुन ओ.पी. जिंदल स्कूल, तमनार में क्लास 7 में पढ़ रहा है। वे खुशी व्यक्त करते हुए बोले कि उनको भरोसा था कि पुलिस उनका गुम मोबाइल खोज निकालेगी।

## मैनपाट महोत्सव से सरगुजा अंचल को मिल रही नयी पहचान - संस्कृति मंत्री भगत

- तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव संपन्न




**रायपुर (आरएनएस)।** संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा है कि मैनपाट महोत्सव की भव्यता लगातार बढ़ते जा रही है। छत्तीसगढ़ी की संस्कृति को सहेजने और सवारने में यह महोत्सव काफी सफल हुआ है। इस महोत्सव में सरगुजा अंचल को नयी पहचान दी है। महोत्सव से लोक कलाकारों और रंगकर्मियों को बेहतर मंच मिला है। संस्कृति मंत्री भगत ने आज सरगुजा जिला के मैनपाट में आयोजित तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव महोत्सव के समापन समारोह संबोधित कर रहे थे।

संस्कृति मंत्री भगत ने कहा कि मैनपाट में पर्यटन सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। यहां हवाई पट्टी बनने से सुविधाएं और बढ़ेंगी। साथ ही सैलानी भी बड़ी संख्या में आएंगे। इस मौके पर खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा, पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता और जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे।

समापन अवसर पर बॉलीवुड सिंगर एवं पंजाबी रॉक स्टार दलेर मेहंदी ने अनेक लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। पंजाबी रॉक स्टार की देश भक्ति गीत की रंग दे बसंती चोला प्रस्तुति पर लोगों ने तिरंगा झंडा लहरा कर खुशी जाहिर की। समारोह में छत्तीसगढ़ी गायिका अलका परघनिया, जसगीत गायक दिलीप षडंगी, रंग-झरोखा के दुष्यंत हरमुख एवं सौरव वैभव ने भी शानदार प्रस्तुति दी।

## राजिम के मुख्यमंच पर श्रीलंका व वियतनाम के मंडलियों ने जपी राम नाम की माला, कार्यक्रम देखने उमड़ी दर्शकों की भीड़

**राजिम (आरएनएस)।** 05 फरवरी से प्रारंभ राजिम माघी पुन्नी मेला का समापन शनिवार 18 फरवरी को होगा। इस दौरान राजिम मेला के मुख्यमंच पर प्रतिदिन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन कर रहे है। मंच पर कई ऐसे कार्यक्रम जिसमें दर्शक भी झूमन लगते है। माघी पुन्नी मेला के 12वें मुख्यमंच पर अन्तर्राष्ट्रीय मानस मंडलियां श्रीलंका और वियतनाम के मंडलियों ने रामायण की शानदार प्रस्तुति देख दर्शक भी मंत्रमुग्ध हो गए। मंच पर सबसे पहले अहिरवारा के सुरझंकार से आरती बारले ने अपनी प्रस्तुति दी। इसके बाद वियतनाम के मानस मंडलियों ने रामायण की प्रस्तुति दी, जिसमें रावण वध दिखाया गया।

उनके द्वारा किए जा रहे संवाद को देख दर्शक भी रोमांचित हो उठे। राजिम के राष्ट्रीय मंच पर अंतर्राष्ट्रीय मानस मंडलियों की प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ के साथ राजिमवासियों के गौरवपूर्ण क्षण रहा। वियतनाम के द्वारा किए जा रहे संवाद को देख उनके भाव को समझते हुए दर्शकों ने तालियों से उन विदेशी कलाकारों का सम्मान किया। कलाकारों के द्वारा वियतनाम में होने वाले सोमनृत्य, रोमोनृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को उनके देश में होने वाले नृत्य से अवगत कराया। इसी कड़ी में श्रीलंका से आए रामायण मंडली द्वारा रामायण को तीन भागों में प्रस्तुत किया गया। जिसके पहले भाग में राम के द्वारा रामायण, दूसरे भाग में सीता के रूप का और तीसरे भाग में हनुमानजी द्वारा लंका के भौगोलिक वातावरण का वर्णन किया गया। इन कलाकारों के द्वारा अपनी भाषा में रामायण की प्रस्तुति दी और कार्यक्रम के अंत में उन्होंने हिन्दी भाषा में राम नाम की माला जपी।

मंच पर कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के जाने माने और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला की छाप छोड़ने वाले सुप्रसिद्ध लोक रागनी के रिखी क्षत्रिय ने अपनी प्रस्तुति दी।

लोक रागनी के कलाकारों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के वंदना कर लोक पारंपरिक धुन की प्रस्तुति दी। जय मां काली दुर्गा दाई गीत की प्रस्तुति की गई उस समय मंच पर साक्षात् जगत जननी प्रकट हुए जिसे देख दर्शक भी अभिवादन करने लगे। संगी बोये बर जाबो धान... गौरी-गौरा, सुआ नृत्य ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री [illegible] श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी [illegible] एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## शहीद वीर नारायण सिंह शा.महा.में विद्यार्थियों ने किया रेशम विभाग का शैक्षणिक भ्रमण



**रायगढ़।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा के तत्वावधान में गत दिवस 15 फरवरी को बीएससी संकाय के विद्यार्थियों को रेशम ग्रामोद्योग के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार थवाईत के नेतृत्व एवं सहायक प्राध्यापक डॉ.ज्ञानमणी एक्का की अगुआई में प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में बीएससी प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष कक्षा के छात्र-छात्राओं को ग्राम बर्रा स्थित रेशम ग्रामोद्योग विभाग ले जाया गया। यहां विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं, उन्हें रेशम व रेशम विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही बच्चों ने इस शैक्षणिक भ्रमण में पिकनिक जैसा लुफ्त उठाया।

शैक्षणिक भ्रमण में रेशम विभाग के पर्यवेक्षक व निरीक्षक राम कुमार पटेल द्वारा बताया गया कि रेशम एक प्राकृतिक प्रोटीन से बना रेशा है जो कि रेशम कीटों द्वारा तैयार किया जाता है। रेशम के कई प्रकार होते हैं। जिसमें रायगढ़ जिले में टसर रेशम का सर्वाधिक उत्पादन किया जाता है। उन्होंने रेशम कीट के जीवन चक्र की जानकारी के साथ-साथ एक कोकून से रेशम के धागे बनने तक कि विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई। वहीं रेशम लघु उद्योग को प्रोत्साहन देने वाली सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर प्राचार्य थवाईत ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में शिक्षा का एक आयाम पर्यटन शिक्षा भी होता है। पर्यटन से वास्तविक दृश्य रूप का अवलोकन होता है, जिससे ज्ञान का विस्तार होता है। प्राचीन काल की शिक्षण पद्धति में विजुअल पर अधिक फोकस किया जाता था। आज की आधुनिकतम शिक्षण प्रणाली में विद्यार्थी वर्ग को प्रकृति और वास्तविकता से जितना जोड़ा जाएगा उतना ही उनके कौतुहल में अधिकाधिक वृद्धि होगी। डॉ.एक्का से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक एसपीदर्शन, वासुदेव पटेल, अतिथि व्याख्याता राहुल राठौर, रितेश राठौर, रामनारायण जांगड़े, सुश्री प्राची पटेल एवं कार्यालय कर्मचारी से मोहन सारथी व बीएससी संकाय के समस्त छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।